सीयूजे कर्मचारी और उनके परिजनो के इलाज के लिए लिए कैशलेस सुविधा मिलेगी

रांची : झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपने कर्मचारियों को कैशलेस सुविधा मुहैय्या कराने के लिए आज कई अस्पतालों से एमओयू साइन किया, जिसके तहत शिक्षक, कर्मचारी व उनके परिजनों को रांची के अस्पतालों में बेहतर ईलाज आसानी से मिल सकेगा। ईलाज के दौरान अब कर्मचारियों को खर्च के बारे में ज्यादा परेशान नहीं होना पड़ेगा। मेडिका,मेदांता,रानी अस्पताल ,देवककमल,हिल व्यू जैसे अस्पतालों में सीयूजे कर्मचारियों को सीजीएचएस दर पर कैशलेस ईलाज की सुविधा मिलेगी। जिसके लिए आज हर बिंदु को लेकर करार किया गया। इस दौरान 1.डॉ. अनंत सिन्हा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, देव कमल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, रांची। 2.डॉ. नितेश प्रिया, निदेशक, हिल व्यू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रांची। 3.डॉ. राजेश कुमार, निदेशक, रानी अस्पताल, रांची। 4.डॉ. अनिल कुमार, एवीपी ऑपरेशन, भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, रांची। 5.डॉ. मोहम्मद मुख्तार सईद, सेंटर हेड, मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल मौजूद रहे। विश्वविद्याल के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास की मौजूदगी में एमओयू साइन किया गया। सीयूजे के मनातू कैंपस के सभागार में एमओयू साइन करने के दौरान सीयूजे के कुलसचिव प्रो एस एल हरिकुमार,पुस्कालय अध्यक्ष एस के पांडे, आईक्यूएससी के चेयरमैन प्रो आर के डे,डीन एकेडमी प्रो मनोज कुमार,प्रो सारंग मेधेकर,वित्त अधिकारी डा विमल,उपकुलसचिव उज्जवल कुमार,जनसंपर्क अधिकारी नरेंद्र कुमार मौजूद रहे। इस दौरान कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने कहा कि विश्विविद्यालय प्रबंधन हमेशा से कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहा है उस दिशा में ये बड़ा कदम है स्वस्थ्य व्यक्ति ही किसी संस्थान को मजबूती प्रदान कर सकता है हर कर्मचारी और उसके परिजन को इस एमओयू का लाभ मिलेगा अब पैसे की चिंता नहीं स्वास्थ्य की चिंता करें स्थापना दिवस के मौके पर कर्मचारियों के लिए ये एक तोहफा कि तरह है। वहीं विभिन्न अस्पतालों से आए डाक्टरों ने खुशी जाहिर किया कि उन्हें सीयूजे से जुड़ने का मौका मिल रहा है और वो अपना बेहतर सपोर्ट देने कि कोशिश करेंगे ताकि किसी भी कर्मचारी को ईलाज के दौरान परेशानी नहीं होगी।

सीयूजे कर्मचारी और उनके परिजनों के लिए कैशलेस सुविधा

स्वदेश संवाददाता

रांची : झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपने कर्मचारियों को कैशलेस सुविधा मुहैय्या कराने के लिए शुक्रवार को कई अस्पतालों से एमओयू साइन किया। इसके तहत शिक्षक,कर्मचारी और उनके परिजनों को रांची के अस्पतालों में बेहतर ईलाज आसानी से मिल सकेगा। ईलाज के दौरान अब कर्मचारियों को खर्च के बारे में ज्यादा परेशान नहीं होना पड़ेगा। मेडिका,मेदांता,रानी अस्पताल ,देवककमल,हिल व्यू जैसे अस्पतालों में सीयूजे कर्मचारियों को सीजीएचएस दर पर कैशलेस ईलाज की सुविधा मिलेगी। इसके लिए हर बिंदु को लेकर करार

किया गया। इस दौरान देव कमल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, रांची के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अनंत सिन्हा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, हिल व्यू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. नितेश प्रिया, रानी अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश कुमार, भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के एवीपी ऑपरेशन डॉ. अनिल कुमार और मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल के सेंटर हेड डॉ. मोहम्मद मुख्तार सईद मौजूद थे। विश्वविद्याल के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास की मौजूदगी में एमओयू साइन किया गया। सीयूजे के मनातू कैंपस के सभागार में एमओयू साइन करने के दौरान सीयूजे के कुलसचिव प्रो एस एल हरिकुमार,पुस्कालय अध्यक्ष एस के पांडे , आईक्यूएससी के चेयरमैन प्रो आर के डे,डीन एकेडमी प्रो मनोज कुमार,प्रो सारंग मेधेकर,वित्त अधिकारी डा विमल,उपकुलसचिव उज्जवल कुमार,जनसंपर्क अधिकारी नरेंद्र कुमार उपस्थित थे। मौके पर सीयूजे के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने कहा कि विश्विविद्यालय प्रबंधन हमेशा से कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहा है।

सीयूजे के कर्मियों को कैशलेस सुविधा

रांची। केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड ने अपने कर्मचारियों को कैशलेस सुविधा मुहैया कराने के लिए शुक्रवार को कई अस्पतालों से एमओयू किया। इसके तहत विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी व उनके परिजनों को रांची के अस्पतालों मे बेहतर इलाज आसानी से मिल सकेगा। मेडिका, मेदांता, रानी अस्पताल, देवककमल, हिल व्यू जैसे अस्पतालों में सीयूजे कर्मचारियों को सीजीएचएस दर पर कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास की मौजूदगी में एमओयू किया गया। इस दौरान रजिस्ट्रार प्रो एसएल हरिकुमार, पुस्कालय अध्यक्ष एसके पांडेय, आईक्यूएससी के चेयरमैन प्रो आरके डे, डीन एकेडमी प्रो मनोज कुमार, प्रो सारंग मेधेकर, वित्त अधिकारी डॉ विमल व अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।